इसलिए श्री प्रहलाद जी ने कहा है कि अगर पवित्रता खो जाते हैं, मतलब सब कुछ खोया है। इस पवित्रता को नहीं खोने के लिए ध्यान साधना करना चाहिए। मनस को शुद्धता रखने के लिए ही ध्यान साधना। जब यह स्थूल शरीर रहते हुए ही, अगर मानव को देवता बनना है, तब यह ध्यान साधना करना है। सद्गुरु द्वारा, खुद और सारे बाजू वाले, यह सारे जीवों, और सृष्टि, पूरी सृष्टि भी दैविक स्वरूप है, को जानते हैं। जब यह विषय जानते हैं मतलब आध्यात्मिकता में आ चुके हैं और यह सिर्फ ध्यान साधना से ही संभव है ।

लेकिन जब मनस शून्य होता है, तब मनस का प्रमुखता काम होता रहता है। और आत्मा का प्रमुखता बढ़ता है। जब आत्मा का प्रमुखता बढ़ती है तब इस पृथ्वी पर ही मानव, देवता के तरह, प्रवर्तन करता है। इस प्रकार खुद और अपने परिसर वाले जीवों में सभी देवताएं को मालूम होगा तब खुद भी देवता बनता है, और रह जाता है। यही ध्यान साधना का महत्व है।

जब तक आप देव नहीं बनेंगे, इस पृथ्वी पर ध्यान साधना करता ही रहता है। इसलिए इस पृथ्वी पर बहुत सारे महात्माओं आए हैं, सद्गुरुओं आए हैं, अवतार लिए हैं। और सब लोग मानव का जन्म लेकर, देवता बनकर, उन्नति प्राप्त किए हैं। और सबको बताते हैं कि आप शरीर नहीं हैं, और आप आत्मा हैं । और साथ में ध्यान साधना का महत्व भी बताए हैं ।

लेकिन जिसका अर्हत नहीं है वह लोग आचरण में नहीं रख पाते हैं। और जिसका अर्हत है वह लोग सद्गुरु का बोध, और देव का बातों को प्रमुखता देकर, ध्यान साधना द्वारा देवताओं बन कर, जन्म राहित्य स्थिति प्राप्त किए हैं। इसी को दुख राहित्य स्थिति, आनंद स्थिति, अमृत तत्व स्थिति, कहते हैं।

यह सभी ध्यान साधना में प्राप्त करते हैं।

श्री जगद्गुरु आदि शंकराचार्य जी ।

ज्ञान किसलिए? केवल ज्ञान से ही मोक्ष पाते हैं, हमारे उपनिषद में और वेदों में कहा गया है। ऐसे ज्ञान, सिर्फ ध्यान के द्वारा ही प्राप्त कर सकते हैं। जैसे एक पक्षी को उड़ने के लिए दो पंख चाहिए! ऐसे ही एक जीव को देव बनने के लिए, ध्यान और ज्ञान दोनों अवसर है ।

इसीलिए पत्री जी ने ध्यान करने को कहा और ज्ञान पाने को कहा। अगर ज्ञान को बढ़ाना है तो स्वाध्याय, सज्जन सांगत्य, और आचार्य सांगत्य से, कर सकते हैं ।

बहुत लो लोग बहुत विषयों के बारे में बोध किए हैं। इस प्रकार कलियुग में श्री शंकराचार्य जी से बड़ा जगद्गुरु कोई नहीं है, कहते हैं। इसी प्रकार एक एक युग में एक-एक जगद्गुरु कहते हैं। जैसे की...

'कृत युग के लिए —श्री दक्षिणा मूर्ति जी' ।

'त्रेता युग के लिए— श्री वशिष्ट महर्षि जी'।

'द्वापर युग के लिए— श्री वाल्मीकि महर्षि जी'।

'कलियुग के लिए —श्री शंकराचार्य जी'।

इन सब को जगद्गुरु करके प्रकट किए हैं।

जगद्गुरु का मतलब पूरा जगत को ज्ञान देने वाला जगद्गुरु होता है।

इस कलियुग में श्री शंकराचार्य जी ने पूरा कन्या कुमारी से लेकर कश्मीर तक, तीन बार पैदल चलकर, सबको ध्यान और ज्ञान प्रचार किए हैं ।

सब हिंदुओं को बहुत सरल भाषा में बताया हैं, ताकि सबको समझ आए।

जिस तरह कि आदमी हो, उसी तरह के ज्ञान बांट रहा था। इस प्रकार दक्षिण भारत में हुआ सर्वज्ञ पीठ को कोई अधिरोहन नहीं कर सकता था। और ऐसे सर्वज्ञ पीठ को अधिरोहन करने वाला, बहुत महानुभाव, श्री शंकराचार्य जी

ने किया था। उसने क्या कहा है? कि कोई भी मुझसे आकर मुझे चैलेंज कर कर अपने ज्ञान को बांट सकते हैं, मैं उनका समाधान दे सकता हूँ।

इसी प्रकार, कहते हैं कि, काश्मीर में जो शारदा पीठ है उसका भी अधीरोहन कर कर, साक्षात श्री शारदा माता से ही वादन किया है। उतना महान है, श्री आदि शंकराचार्य जी ।

श्री शंकराचार्य जी बहुत पढ़े लिखे को भी और बहुत नीचे स्थाई लोगों को भी, ज्ञान बोध किया है। जो जिस थाई में थे, उस स्थाई में जाकर 'आत्म बोध' किया है।

श्री शंकराचार्य जी ने 'ईषणात्रयं' को मामूली ज्ञानियों को दिया है। जिसको ज्ञान ही मालूम नहीं है, उनको पूजा करने को कहा है। जो मंदिरों में अर्चन करते हैं, उनके लिए बहुत सारे देवता स्तोत्र श्री शंकराचार्य जी ने रचना करके दिया है ।

इसी प्रकार एक पुस्तक 'विवेक चूड़ामणि' को भी लिखा है। चूड़ामणि मतलब एक बहुत कीमती आभूषण है। रामायण में श्री सीता माता ने इस चूड़ामणि को पहनती है। मतलब पुरानी जमाने में रानियों ने अपनी सिर पर पहनते थे। बहुत सारे आभूषणों शरीर के अलग-अलग भागों पर पहनते थे, लेकिन चूड़ामणि तो सिर्फ सर पर ही पहनते थे। इसीलिए चूड़ामणि बहुत ही कीमती आभूषण है ।

मानव के शरीर में सबसे महत्वपूर्ण भाग, सिर है । ऐसे सिर के ऊपर पहनने वाला आभूषण, चूड़ामणि होता है ।

श्री शंकराचार्य जी ने विवेक चूडामणि करके नामक देने का क्या अर्थ है? विवेक लोगों को अत्यंत महत्वपूर्ण किताब है, इसीलिए, यही कहने के लिए।

इस विवेक चूड़ामणि में 581 श्लोकों है और बहुत ही सरल भाषा में लिखा है। जैसे वेदों को श्री व्यास भगवान ने सरल भाषा में उपनिषदों और भगवत गीता लिखे हैं! इसी प्रकार विवेक चूड़ामणि को श्री शंकराचार्य जी ने सरल भाषा में दिया है ।

देखिए वेदों को भगवत गीता के रूप में सरल करके दिया है। इसलिए अंत में कहते हैं कि उपनिषद, ब्रह्मा विद्या, योग शास्त्रे, करके लिखे होते हैं। इसका मतलब वेदों का सार उपनिषदों है, और उपनिषदों का सार ही भागवत गीता कहा गया है ।

लेकिन इस विवेक चूड़ामणि को भी ऐसे पढ़ने से समझ नहीं आता है। जो कोई 'साधना चतुष्टयम' को पालन करते हैं! वही लोग आसानी से समझ पाते हैं। ऐसे कहा गया है।

साधना चतुष्टयम क्या है ?

1) विवेक :- नित्य और अनित्य वस्तु का विचक्षणा ज्ञान।

2) वैराग्य :- इह और अमुत्र कर्म फल भोगना पर अनाशक्ति।

3) शठ संपत्ति :- जो मोक्ष प्राप्त करना चाहता है, उस साधक का गुणों।

1. दमम : मतलब बाहर के इंद्रियों को नियंत्रित करना ।
2. समम : मतलब अंदर के इंद्रियों को नियंत्रित करना ।
3. तितीक्ष : मतलब बाधों को सहनने का गुणा।
4. ऊपरति : मतलब कामवासना से, संदर्भ अनुसार, थोड़ा दूर रहना।
5. श्रद्धा : मतलब त्रिकरण शुद्धि के साथ-साथ, दीक्षा रहना चाहिए।
6. समाधान : मतलब द्वंदों में समानता रखना ।

4) मुमुक्षत्व :- मतलब मुक्ति पाने का तीव्र इच्छा।

'नित्य अनित्या वस्तु विवेक', का मतलब क्या शाश्वत है? और क्या नहीं है ? इसको सबसे पहले एक साधक को जानना चाहिए।

यह सभी को ना जानकर कुछ लोग ध्यान करने के बाद इच्छाओं को और संकल्पों रखते हैं। कुछ लोग अपना शरीर के लिए और कुछ लोग मानसिक इच्छाओं के लिए ध्यान करते हैं।

इसलिए श्री शंकराचार्य जी कहते हैं कि जो भी इस साधना चतुष्टयम को सही समझकर आचरण करते हैं! उन्हीं लोगों को ध्यान और आत्म ज्ञान समझ आता है, और मामूली लोगों को समझ नहीं आता है ।

इतना ही नहीं अगर भगवान को प्राप्त करने को तीव्र इच्छा है, और जिसको अपने आप को जानने का इच्छा है, उसी को यह ज्ञान जरूरत है, श्री शंकराचार्य जी ने स्पष्ट कहा है ।

अभी देखिए जो भी विग्रह आराधना करते है, और नित्य नैमित्तक कर्म करते हैं, वह पुण्य के लिए करते हैं। लेकिन पाप और पुण्य दोनों कर्म है। और तब जन्म लेना पड़ता है और जन्म लेना दुखी है। इसलिए सभी जन्म राहित्य स्थिति पहुंचने चाहिए । उसके लिए मुक्ति कर्मों करना चाहिए, ज्ञान को बढ़ाना चाहिए। इस ज्ञान को बढ़ने के लिए 'श्वास पर ध्यास' ध्यान करना चाहिए ।

जैसे इंटरमीडिएट खत्म करने के बाद, इंजीनियर या डॉक्टर बनने के लिए, एक परीक्षा लिखना पड़ता है। इस परीक्षा से अगले क्लास में जाने के लिए अर्हत देता है। वैसे ही ज्ञान को बढ़ाने के लिए और इस ज्ञान जीवन में आने के लिए एक परीक्षा जैसा ही है, इस 'साधना चतुष्टयम' है, कहते हैं।

विवेक चूड़ामणि का मतलब! एक गुरु और शिष्य के बीच में संवाद। एक शिष्य ज्ञान का प्रश्न पूछता रहता है। और इसका समाधान गुरु देता रहता है। जब शिष्य ज्ञान प्रश्न पूछता है, तब गुरु आनंद से उनका समाधान देता है।

विवेक चूड़ामणि में एक शिष्य ने सात प्रश्नों पूछता है। गुरुजी उनका समाधान देता है। इस गुरु शिष्य का संवाद के द्वारा श्री शंकराचार्य जी ने इन प्रश्नों का समाधान देते हैं ।

इन सात प्रश्नों का उत्तर, हर एक को अपने जीवन में जानना चाहिए। सबको अपने अपने प्रारंभ जन्मों में शारीरिक इच्छाओं को पूरा करने को होता है। और कुछ जन्मों के बाद मानसिक इच्छाओं को पूरा करने को होता है। और कुछ जन्मों के बाद बुद्धि संबंधित इच्छाओं पूरा करने को होता है। और जो आखिरी जन्मों में हैं उनको आत्मा संबंधित इच्छाओं पूरा करने को होता है ।

शारीरिक संबंधित इच्छाओं का मतलब क्या है? सहज में यह लोग तमो गुण में रहते हैं, और शरीर को ही प्रामुखता देते हैं। मतलब शरीर को सुंदर

बनाना, अच्छा खाना खाना, भोगों और सुखों को अनुभव करना ।

मानसिक इच्छाओं क्या होते हैं? सबसे बड़ा महान जीवन जीना है, बड़े-बड़े पदों चाहिए, बड़े-बड़े गाड़ियां, बंगले, इमारतें को चाहते हैं।

बुद्धि संबंधित इच्छाएं क्या होते हैं? अच्छा पढ़ाई करना, अवार्ड या रिवार्ड प्राप्त करने के लिए होता हे। ऐसे लोग एक साइंटिस्ट या इंजीनियर, डॉक्टर बड़े-बड़े पढ़ाई करने वाले होते हैं। यह लोग पुण्य कर्म करते हैं। इन लोगों का बुद्धि थोड़ा विकसित होता हैं ।

इन लोगों का जब बुद्धि पूर्ण विकसित होता है, तब ज्ञान प्राप्त करते हैं। सब दान और धर्म करते हैं, और सबको अच्छा करने को सोचते हैं। तभी उन लोगों का बुद्धि विकसित होना शुरु करता है। शुरुआत में पुण्य के लिए करते हैं, लेकिन जब बुद्धि विकसित होता है, वैज्ञानिक आलोचनाएं आते हैं। तभी बाद में आत्मा संबंधित आलोचनाएं होते हैं। और आत्मा उन्नति के लिए तपन करते हैं।

इन चारों स्थितियों में सब लोग होते हैं। जो आत्मा के उन्नति करते हैं, तब भी उनका बुद्धि पूरा विकसित होकर , कुछ प्रश्न उठते हैं। असलियत में यह सृष्टि क्या है? यह कैसे आया है? मैं कौन हूँ? मुझे और दूसरे जीवों में क्या फर्क है? असलियत में भगवान कौन है? भगवान कहां रहता है? भगवान को कैसे प्राप्त करना है? ऐसे प्रश्नों आते रहते हैं। जब बुद्धि विकसित होकर आत्मा के ओर चलता है, यह प्रश्नों आते हैं ।

इतना ही नहीं सृष्टि में इतने भेदों क्यों हैं? कुछ लोग महान होते हैं, कुछ लोग गरीबी में क्यों है? कुछ लोग सुंदर हैं और कुछ लोग अंद विकार क्यों है? कुछ लोग बुद्धिमान है, और कुछ लोग मूर्ख हैं? ऐसे प्रश्नों उठते हैं ।

मुझे भी ऐसे प्रश्नों होते थे। लेकिन जब पत्री जी का परिचय हुआ, कर्म सिद्धांत को जाना, यह भेद-भाव क्यों है? का समाधान मिलकर संतुष्ट हुआ ।

भगवान महान है, इसलिए राक्षसों को और अच्छे लोगों को खाने को दिया है। और इस सृष्टि में सकल जीवों को आहार देता ही रहता है। इन भेदों

का कारण, अपना किया हुआ कर्मों ही है। इसीलिए जबकि भगवान क्षमा करता है, हमारे कर्मों हमे क्षमा नहीं करते हैं । इसलिए हमें कोई भी पाप नहीं करना चाहिए, और बातें कठिन नहीं होना चाहिए। क्योंकि हमें मालूम नहीं है कि क्या पाप है, क्या पुण्य है। अगर हम यह कर्म सिद्धांत को जानेंगे तब हमें मालूम होगा कि क्या नहीं करना है ।

विवेक चूड़ामणि में एक शिष्य ने साथ प्रश्नों पूछे हैं।

1. बंधन क्या है?
2. यह बंधन कैसे आया है?
3. यह बंधन कैसे स्थापित हुआ है?
4. इस बंधन से विमुक्त कैसे पाएंगे?
5. जो आत्मा नहीं, वह क्या है?
6. परमात्मा कौन है?
7. आत्मा और परमात्मा का भेद कैसे जानेंगे?

यह सात प्रश्नों एक शिष्य ने अपने गुरु से पूछता है। गुरुजी उनका समाधान देता है। यही विवेक चूड़ामणि का पूरा सार है।

To watch Tatavarthy's zoom sessions:

a) Silence meditation from **4 a.m.** to **6.30 a.m.**, followed by messages related to soul-knowledge from **6.30am** to **7.30am.**

Zoom ID: **2413823868** Password: **RAO**

b) The above-mentioned Zoom session will also be livestreamed on **YouTube** from **6.30am to 7.30am.**

c) Those who are in the TVR & TRL WhatsApp group will receive Zoom and YouTube links, along with details about the Tatavarthy's classes. They must save Sindhura's phone number: **8555995217**

d) Those who wish to join the Tatavarthy's WhatsApp group can contact Sindhura: 8555995217, Madhu: 7893917364 or visit www.tst.org.in and click on the "Join WhatsApp Group" link.

पांच कोशों क्या है ?

यह शरीर पांच परतें का समुदाय है, इन पांच परतें के अंदर ही आत्मा है । श्री आदी शंकराचार्य जी ने इन पांच कोशों पर विवरण दिया है।

पुराने जमाने में राजा लोगों के पास तलवार के ऊपर एक कवच रहता है। उसी को परत कहते हैं। दूर से वह तलवार जैसे दिखता है, लेकिन नहीं है। इसके ऊपर का कवच है। मतलब जैसे इमली के ऊपर छाल रहता है ।

इसी प्रकार आत्मा के ऊपर पांच परतें रहते हैं। उसी को श्री शंकराचार्य जी ने पांच कोशों कहा है।

1. अन्नमय कोश ।
2. प्राणमय कोश।
3. मनोमय कोश।
4. विज्ञानमय कोश ।
5. आनंदमय कोश।

ऐसे एक मानव में पांच कोशों होते हैं। यह कैसे काम करते हैं? कैसे बनते हैं? और कैसे शुद्ध होता है? अभी जानेंगे ।

1. अन्नमय कोशः- स्थूल शरीर को अन्नमय कोश कहते हैं। यह अन्न के द्वारा बनता है। यह कोश पैदा होता है, बढ़ता है, वृध्दि होता है, सिकोड़ता है, और नाश होता है।

इस कोश को ऐसे लक्षणों होते हैं। अगर इसको अन्न नहीं देते हैं, तब वह नाश हो जाता है। अन्न द्वारा ही शरीर में कई बदलाव होते हैं। अन्न खाने से ही स्त्रियों में और पुरुषों में शुक्राणु शोनिता बनते हैं, ऐसे गर्भ उपनिषद में कहा है। यह शुक्राणु और शोनिता के मिलन से ही एक अंडा, पिंड में बदलकर, ब्र्मांड में आते हैं। जब अन्न खाते हैं, इस अन्नमय कोश में केसे और क्या-क्या बदलाव आते हैं आप खुद देख सकते हैं और समझ सकते हैं।

अगर आप मांसाहार खाते हैं वह अशुद्ध होता है लेकिन शाकाहार खाने से शुद्ध रहता है।

शाकाहार खाने से इस अन्नमय कोश में अणुओं, कणों और खून, सभी शुद्ध रहते हैं । इसीलिए पत्री जी हमें अपना अन्नमय कोश को ठीक रखने के लिए मांसाहार को मना किया है। शाकाहार खाने से सारे अणुओं साफ रहते हैं। और खून साफ रहता है।

जब यह अन्नमय कोश शुद्ध रहता है, तभी हमारे पास बीमारियां नहीं आते हैं ।

2. प्राणमय कोशः-

उसको पांच भागों में विभाजन करते हैं। यह पांच भागों में

(1) प्राण वायु , (2) अपान वायु , (3) उदान वायु , (4) समान वायु, (5) व्यान वायु है।

(1) प्राण वायुः- प्राण वायु उच्छवास और निश्वास लेने में उपयोग करता है ।

(2) अपान वायु :- यह मल मूत्र को विसर्जन करने में उपयोग होता है ।

(3) उदान वायु :- अपने मनस का संकल्प और विकल्प करने में उपयोग होता है।

(4) समान वायु :- यह हमारे खाने को पाचन कर कर शरीर में सारे विभागों को समान तरीके से शक्ति भेजती है।

(5) व्यान वायु :- अपने शरीर में ठंड और गर्मी करने को उपयोग होता है ।

इसी प्रकार पांच उप वायु होते हैं ।

(1) नागम वायु , (2) क्रुकुर वायु, (3) कूर्म वायु, (4) देवदत्त वायु, (5) धनुंजय वायु ।

(1) नागम वायु :- जो अपने कंठ में से सारे वस्तुओं को देखने को करता है।

(2) क्रुकुर वायु :- जो आपको छींकने में मदद करता है।

(3) कूर्म वायु :- जो आपके पपोटे को हिलाते हैं ।

(4) देवदत्त वायु :- जो जंभना और ड़कारना में, मदद करता है ।

(5) धनुंजय वायु :- एक शव को फूलने को करता है। दुर्गंध को फैलाता है। प्रसव के समय शिशु को धकेलता है।

कोई भी जब मर जाता है तब कहते हैं कि उनके पंच प्राणों निकल गए हैं। हम जो प्राण शक्ति अंदर लेते हैं, शरीर में जाकर 49 भागों में विभाजन कर कर लगभग 200 क्रियों करवाते हैं। यह सारे 200 क्रियों से ही हमारे शरीर में चलन होता है। जैसे श्वास क्रिया है, पाचन क्रिया है, आदि।

पपोटें हमारी इच्छा से नहीं चलता है, और डकार भी हमारा इच्छा से नहीं होता है, छींक भी हमारी इच्छा से नहीं आता है, यह सभी खुद अपने आप होते हैं।

यह प्राण मय कोश, कर्म इंद्रियों से काम करते हैं। यह कर्म इंद्रियों और पंच प्राणों के साथ मिलकर, हमारे शरीर में क्रियाओं होते हैं। जितना ज्यादा प्राण शक्ति लेते हैं, तब उतना ज्यादा हमारा प्राणमय कोश शुद्धि होगा। अगर उस प्राण शक्ति को ज्यादा लेना है, तब हमें ध्यान करना चाहिए ।

आम तौर पर प्राण शक्ति श्वास के द्वारा लेते हैं। इस श्वास द्वारा लेने वाली प्राण शक्ति हमें जीवित रखने के लिए शक्ति मिलती है। बुढ़ापे में, और कम शक्ति लेते हैं। ध्यान में प्राण शक्ति ज्यादा लेते हैं। जब प्राण शक्ति ज्यादा लेते हैं, ऐसे लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है।

अगर देखेंगे तो जंगल में जानवरों होते हैं। वह प्राण शक्ति के साथ ही जीते हैं। और कभी इनको कुछ बीमारी नहीं होता है ना? जंगल में कोई पशु चिकित्सालय नहीं होती हैं ना?

लेकिन जब घर में जानवरों को पालते हैं उन्हें अस्पताल लेकर दिखाते हैं। मतलब हम जानवरों को जो पालते हैं उनमें प्राण शक्ति कम होता है। लेकिन वनों में, और जंगलों में, जो जानवर है, उनमें ज्यादा शक्ति होती है। इसलिए वह बीमार नहीं होते हैं। इन योगियों तभी जंगलों में जाकर अपना साधना करते हैं। क्योंकि जंगल में प्रकृति में प्राण शक्ति ज्यादा रहती है। और उनको प्राण

शक्ति ज्यादा लेने का अवसर मिलता है ।

3.मनोमय कोश :- यहां ज्ञान इंद्रियों और मनस मिलकर काम करते हैं। इस मनोमय कोश ज्ञान इंद्रियों द्वारा दुनिया के सारे विषयों को इकट्ठा करता है। और इन विषयों को मनस अपनी इच्छानुसार से निर्णय करती है ।

जितना कम विषयों को इकट्ठा करता है, मनस उतना अच्छा आलोचनाएं कर सकता है।

जो भी ध्यान के द्वारा आलोचनाओं को कम करते हैं! तब मनोमय कोश शुद्ध होता है।

इसीलिए पड़ोसियों के विषयों को ध्यान नहीं देना है। ऐसे मत सोचना कि वह क्या समझेंगे, और काम करना छोड़ना नहीं है। दूसरों के बारे में गलत सोचना, दूसरों के बारे में यह सब बेकार की बातें छोड़ना चाहिए।

जिनको बेकर विषयों पर, बेकर आलोचनाएं और बेकार विषयों पर आसकती होता है, उनका मनोमय कोश अशुद्ध होता है। ध्यान से उनको शुद्धिकरण करना चाहिए। क्योंकि? ध्यान द्वारा पांच कोशों शुद्धि हो जाता है, इसीलिए ।

4.विज्ञानमय कोशः-

विज्ञानमय कोश में, बुद्धि और ज्ञान इंद्रियों मिलकर काम करते हैं। मानव लोग अपने सारे प्रपंचिक कार्यों को इस विज्ञानमय कोश के साथ ही करते हैं । यह ज्ञान इंद्रियों के साथ करता हैं । ऐसे ही कोई भी काम करने के लिए अपना बुद्धि काम करना चाहिए।

मानव लोग को बुद्धि है, तभी जब भूख लगता है एक सिग्नल आती है और तुरंत खाते हैं। अगर पढ़ना है तब पढ़ते हैं। जब बुद्धि अच्छी तरह विकसित होता है, तब ध्यान करते हैं। और जितना बुद्धि विकसित होता रहता है, उतना अच्छे काम करते रहते हैं। अगर बुद्धि विकसित नहीं होता है, सिर्फ 'मैं', मेरा घर, मेरे परिवार, तक ही सीमित रहता है ।

ऐसे बुद्धि को ध्यान द्वारा ज्ञान देना और ज्ञान इंद्रियों द्वारा अगर अपना बुद्धिमत्ता को बढ़ाएंगे........ तब 'मेरा' और 'हमारा' नहीं होता है और सब एक ही होता है! सब आत्मा ही है को जानते हैं। पूरा ब्रह्ममय ही है का जब जानते हैं! तब इस पूरा सृष्टि एक ही पदार्थ से बना हुआ करके जानेंगे, और किसी को अलग-अलग नहीं देखेंगे। ऐसे लोगों को तब विज्ञानमय कोश शुद्धिकरण हो गया है।

5.आनंदमय कोश :-

आत्मा के सबसे नज़दीक होता है आनंदमय कोश। यह आनंदमय कोश सिर्फ गहरी नींद में आती है। जब आप गहरी नींद में होते हैं, तब यह दुनिया नहीं होता है, मनस नहीं होता है, लेकिन आपको बहुत सुकून मिलता है, को जानते हैं।

तब नींद में से उठकर आप क्या कहते हैं? मुझे आज बहुत अच्छा नींद, गहरी नींद आया है। मतलब गहरी नींद में आपने शरीर को नहीं जाना, मनस काम नहीं किया, लेकिन आपको मालूम हो रहा है कि गहरी नींद में गए हैं। तब ऐसे कौन आपको बता रहे हैं? मतलब ? जबकि आप सो गए हैं, आत्मा नहीं सोया है। इसीलिए आत्मा ही आपको बता रहे हैं। यह बात जानना चाहिए ।

न केवल गहरी नींद में आपको उतना आनंद रहना है, जागृत अवस्था में भी आपको आनंद में रहना चाहिए। मतलब हर समय आप आनंद की स्थिति में रहना चाहिए । ऐसे जब आप जागृत अवस्था में भी आनंद की स्थिति में रहेंगे, तब आपका आनंदमय कोश जीवित है, जी रहा है। अगर उस स्थिति को पाना है तो? जीवन में अपने कष्टों और सुखों, दोनों अपना ही कर्मों का फल है, को समझना चाहिए।

बहुत लोग जब कष्टों आते हैं वह दुखी होते हैं। और जब सुखों आते हैं आनंद होते हैं। लेकिन योगियों इन कष्टों के लिए ना दुखी होते हैं और ना सुखों के लिए खुशी होते हैं। क्योंकि दोनों ही अपने कर्मों का फल ही है ।

इसलिए अगर योगियों को कष्ट हुआ है.... तब वह खुश होते हैं कि

उनका पाप कर्म निकल रहा है। और जब सुख होत है तब सोचते हैं कि मेरा पुण्य कर्म की वजह से आया है, और उनको मालूम है कि जब पुण्य कर्म खत्म होता है, यह सुख नहीं होगा। तभी वो खुशी नहीं होते हैं। योगियों, वैसे दोनों स्थितियों को समानता से लेते हैं ।

इसीलिए कहते हैं 'समत्वम योग उच्छते', भगवत गीता में कहा गया है। मतलब जीवन में दोनों को समानता से देखने वाला ही योगी कहलाता है ।

मुझे बहुत लोग फोन करके बताते हैं। मेरे पति बहुत कष्ट दे रहे हैं मुझे, करके एक, मेरी माताजी गुज़र गए करके दूसरा, तीसरा, मेरे ससुराल से मुझे बहुत कष्ट हो रहा है, मुझे कोई है नहीं करके, कोई और बताते रहते हैं ।

क्योंकि? कोई भी जब कर्म सिद्धांत को नहीं मालूम है, और ज्ञान नहीं है, ऐसे दुख में रहते हैं। क्योंकि? हर कोई ऊपर लोको में निर्णय करके ही, इस पृथ्वी पर आते हैं। और जो भी निर्णय किए हैं! उसको तो अनुभव करना पड़ेगा ना? इसी प्रकार अभी अपना अज्ञानता से आप गलतियां कर रहे हैं। तब कष्टों क्यों नहीं आएंगे? और जब आएंगे क्यों रोना है? अगर कष्टों नहीं चाहिए तब आपको पाप कर्मों नहीं करना चाहिए ।

असलियत में अगर सब ठीक है, तो ध्यान में आते हैं क्या? ध्यान किसलिए ? करके पूछते हैं। पत्री जी के परिचय के बाद भी मै तीन महीने तक ऐसे ही रहा। मेरे पास पैसे हैं, बालाजी का मंदिर है, और हर एक सुख था, सेवाएं करता था, बहुत अच्छा पति मिला, अच्छे बच्चों मिला है, और तब मुझे ध्यान किस लिए? ऐसे समझकर, मैं अपना ध्यान को लापरवाही किया है।

लेकिन जब प्रकृति खींची है तब, मै नहीं उठने का स्थिति तक पहुंच गया हूँ। तब डॉक्टरों ने इस बीमारी के लिए कुछ इलाज नहीं करके बताए थे। तभी मैं ध्यान में आया हूँ। असलियत में ध्यान में आकर, ध्यान प्रचार करूंगा, करके जब मैं ऊपर निर्णय लिया था, यहां नीचे आकर अगर नहीं करेंगे तब प्रकृति छुप नहीं बैठेगी ना? एक थोड़ा सा झटका मिली, तभी मैं ध्यान में आया हूँ ।

उतना ही नहीं मैं ध्यान प्रचार करूंगा करके ऊपर बताकर आया हूँ,

लेकिन मुझे बताने के लिए प्रेस्टीज था। पहले मै नहीं जाऊंगा करके बताया, तब दूसरी बार वह मुझे एक और दुर्घटना, अग्नि संबंधित दुर्घटना हुई है। तब पत्री जी मेरे पास रहकर और वह मुझे सेवा करते हुए देखा, तब उस गुरु का प्रेम को देखकर, मैंने अपना ध्यान प्रचार शुरू किया हूँ ।

क्योंकि यह दोनों कर रहा हूँ, तभी मुझे कुछ बीमारी नहीं है करके मत समझना, मरते दम तक रहेंगे। अगर आपके और कर्म बाकी है, तब आ सकते हैं। इस जन्म के लिए जितने पर सहमत हुए हैं, सबको अनुभव करना ही पड़ेगा ना?

आप सभी लोगों को एक ही कह रहा हूँ, वास्तव में जो भी आता है उन्हें स्वीकारना ही है। जब से हम ध्यान में आये हैं, ध्यान प्रचार के लिए आए हैं, तब से हमारा जीवन प्रकृति के हाथ में चली गई है। हमारा अपना निर्णयों पीछे चले जाते हैं, यह बात मुझे समझ आयी है।

हम किस लिए पैदा हुआ हैं! जबकि हम भूल जाते हैं प्रकृति नहीं भूलती है। और हम से करवाती है, यही मेरा अनुभव है। सच्ची में ऐसा करने से ही हमें बहुत आनंद होती है ।

ध्यान की वजह से ना केवल नींद में, जागृत में भी आनंद मिलती है। इस आनंदमय कोश न केवल नींद में आनंद देता है, लेकिन जब जागृत अवस्था में भी थोड़ा सा काम करने पर, या बड़ा काम करने पर, यही आनंद रहता है। मतलब आपका आनंदमय कोश अच्छा काम कर रहा है ।

इन पांच कोशों को अशुद्ध से नहीं भरना, और शुद्धता में रहने से, मानव लोग सौ साल आनंद से और स्वास्थ्य में जीवन बिता सकते हैं, ऐसे कहते हैं श्री शंकराचार्य जी। अगर एक योगी जैसे जीना है, इन पांचों कोशों को शुद्ध रखना चाहिए ।

चिंता - चिंतन - निश्चिंत ।

इन तीनों विषयों के बारे में अभी जानते हैं। चिंता किसको होती है? चिंतन किसको होती है? और निश्चिंत किसको होती है? हर एक मानव को इन तीनों होते हैं। चिंता, चिंतन, और निश्चिंत।

यह चिंता होती है जो लोग प्रपंचिक जीवन में रहते है, और जिसको संतुष्टि नहीं होता है, उसको ज्यादा चिंता होता है। जिसको भगवान कौन है का मालूम नहीं है, उनको होता है। देखिए जो प्रपंचिक जीवन में रहते हैं, उनको जितना भी पाते हैं और चाहने का चिंता रहता है। हर वक्त आपने बाजू वालों को देखकर तुलना करता है। जितने भी हो, फिर भी अगर किसी के पास ज्यादा रहता है तब उनका चिंता शुरू होता है।

अरे! उनके पास उतना है, मेरे पास कुछ नहीं है, का चिंता शुरू होता है। उसी चिंता को दुख कहते हैं। जब भी उसको देखकर कहेंगे कि वह मेरे पास नहीं है, तब चिंता रहता है, मतलब उसी क्षण आपके जीवन में दुख होता है। विचित्र की बात क्या है? कि जो आपके पास है उसको देखते नहीं हो, लेकिन जो नहीं है वह चाहते हो। पहले आपके पास जो है उसको देखो। अगर रहने के लिए घर है, गाड़ी है, और अपने जरूरतों के लिए काफी वस्तु हैं ।

लेकिन यह देखकर कि अपने पड़ोसी के पास बड़ा घर है, और बड़ा गाड़ी है, और उनके पास इतने सारे सामान है, और मेरे पास कम हे करके जिएंगे, तो जीवन भर चिंता रहेगा। तब चिंता क्यों आता है? मतलब आप जब अपने पड़ोसी के साथ तुलना करते हो, और भोगों पर व्यामोह रखते हो। इतना ही नहीं जो अपने पास है उनसे संतुष्टि नहीं है, यही चिंता का कारण है। जब तक आप पैसे के पीछे, संपत्ति के पीछे, नाम कमाने के पीछे, रहते हो, तब तक आपका पूरा जीवन में चिंता रहेगा!

मानव लोग, हर वक्त, उन्हीं के गुलाम हो रहे हैं। क्योंकि जब एक मालिक आपको पगार देता रहेंगे तभी नौकर गुलाम रहेगा। लेकिन जब खुद ही

मालिक है और पैसों के, इच्छाओं के, और आशाओं का गुलाम बनते हो, तब क्या कहना है?

लेकिन आपका मनस आपको कुछ पगार नहीं दे रहा है। लेकिन क्यों उनका इच्छाओं को पूरे कर रहे हो, मतलब आप मनस का गुलाम बन गया है ना? क्योंकि आप मनस का गुलाम बन गया है तभी मनस का इच्छाओं को पूरा करने को प्रयत्न कर रहे हैं। तभी क्या आप संतुष्टि रहते हैं? वह भी नहीं है? पैसों को पीछे, पदों को पीछे पड़ता है, उनके जीवन में कभी संतुष्टि नहीं होता और हर समय चिंता ही रहेगा ।

ऐसे चिंता कर कर जब आप अपना काट पर रह जाएंगे, तब सोचेंगे कि क्या मैंने इन सबके पीछे पड़ा है। मरने से पहले, जो भी जीवित काल में किया है, सब कुछ याद करके बहुत चिंतित रहता है।

और क्या सोचते हो? मैं पृथ्वी पर आकर भगवान के लिए, उनके संतुष्टि के लिए, एक भी पुण्य कार्य नहीं किया है, करके चिंता करते करते मरते हो। इसलिए जो भी प्रपंचिक भोगों के पीछे पड़ता है, वह चिंता से मरते हैं, यह बात जानना चाहिए ।

हर समय चाहिए, चाहिए करके चिंता रहते हो और दूसरा कुछ चिंता नहीं है। ऐसे कर के पैसों का गुलाम, पदों का गुलाम, और सब चीज़ों का गुलाम रहकर, अंत में एक भी अच्छा काम नहीं कर कर चिंता करते मरते हो। ऐसे पूरा जन्म चिंता करने में चला जाता है ।

पैसे रहना चाहिए लेकिन किस लिए? अपने जरूरतों को पूरा करने के लिए। देखिए करोड़पति है। सोचिए इससे ज्यादा करोड़पति नहीं होंगे क्या? जरूर रहेंगे। अगर वह उनसे तुलना करता है तब चिंता है ना? जो भी अपने इच्छाओं का गुलाम होता है! अगर अपने जीवन में संतुष्टि नहीं है, तब उनका जीवन में सिर्फ चिंता रहता है ।

इसीलिए जो चिंता में रहता है, और चिंता के पीछे दौड़ता है, चिंता से ही मरता है। जब यह सब जानेंगे आपको समझ आएगा कि क्या आप चिंता

में रहना है? या चिंतन में रहना है?

एक ध्यानी जब ज्ञानी बनता है, तब वह चिंतन से ही सब कुछ सीखता है ।

जब यह चिंता करने वाला, यह ध्यान करता है, तभी ध्यानी बन जाता है। यह सारे चिंता को छोड़कर चिंतन में आ जाते हैं। चिंतन का मतलब आलोचना करना। विचारण करना। मतलब यह मेरे पास नहीं है का चिंता छोड़ कर, क्या यह जरूरी है? का चिंतन में आ जाता है। अगर आप लोगों खुद को देखिएगा, तब समझेंगे कि, पिछले जीवन में कैसे रहते थे और आज कैसे रहते हैं।

मतलब यहां पर एक ध्यानी, जब ज्ञानी बनने का सोच रखता है, तब हर एक विषय को पूछते हैं कि क्या यह मेरे लिए जरूरी है? या नहीं है? वही बात श्री शंकराचार्य जी ने कहा है कि, 'नित्य, अनित्या वस्तु विवेक'। अगर हम इस आध्यात्मिक मार्ग में आने के बाद भी सुखों और भोगो के पीछे पढ़ते हैं, इसका मतलब हमें सही ज्ञान नहीं है। मानव को ध्यान साधना करना है, और ज्ञान प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए। ज्ञान सिर्फ कष्ट करने से ही मिलता है, यह बात जानना चाहिए ।

जो व्यक्ति चिंतन में रहता है, पूछता है कि मैं कौन हूँ? मैं कहां से आया हूँ? मैं किस लिए आया हूँ? ऐसे सोच जब रहता है, वह निश्चिंत होता है ।

दोनों बार खाने को है, रहने का घर है, अनुभव करने का है, तो फिर चिंता किस बात की? इसलिए निश्चिंत से ध्यान करो! लेकिन इस मार्ग में आने के बाद भी, जो है उससे असंतुष्ट रहते है, उनसे ज्यादा दुर्भाग्य लोग कोई नहीं होगा। इसलिए जो है उससे संतुष्टि रहकर चिंता छोड़ कर, भगवान के चिंतन में जाना चाहिए।

जो भी सबके अंदर भगवान को देख सकता है, वही सब को बांट सकता है। जो दूसरों से कुछ आशा करता है, जो भी सामने वाले व्यक्ति से सब कुछ चाहता है, वह एक भिखारी समान है ।

असलियत में प्राप्त करने से ज्यादा, देने में आनंद पाते हैं। जब देने का चिंतन रहता हैं तब आप मालिक होता है। देने में कितना आनंद पाते हैं! मुझे और राघवराव जी को मालूम है। आप सभी लोग तीन दिवसीय क्लास में आकर ध्यान अच्छा हुआ, सही हुआ और बढ़िया हुआ कहते हैं, तब हमें आनंद मिलता है। कई जिलों से और प्रदेशों से आप यहां आकर, ध्यान कर कर ज्ञान प्राप्त करना ही, हमारा इच्छा है ।

देने मे जितना आनंद मिलता है सिर्फ देने वालों को मालूम है। अगर आनंद को अनुभव करना है तब जो भी है उसी मे से थोड़ा देना चाहिए। वह धन भी हो सकता है, या अपना समय, या अपना वाक शक्ति, या अपना ज्ञान। इसके बारे में महात्माओं ने एक अच्छा उदाहरण देते हैं। क्या है? कि इस सृष्टि द्वारा भगवान ने समस्त जीवों को कितने प्रकार देता रहता है! उपकार करता है! हमें समझना चाहिए। इसलिए कहते हैं कि उनके हाथों अनंत हैं ।

जब आप किसी को सहायता करते हो, उन्ही को आपको सहाय करने की जरुरत नहीं है। उसका प्रतिफल किसी और द्वारा पहुंच सकता है। इसलिए कभी आशा नहीं करना है कि कुछ आएगा। कभी पाने की आशा में नहीं देना है। यह चिंतन होना है कि मुझे देने का अवसर मिल रहा है।

यह चिंता मत करो कि पड़ोसी से ज्यादा मैं नहीं दे पा रहा हूँ। बल्कि यह चिंतन में होना है कि जितना हो सके दे रहा हूँ ।

देखिए एक नदी प्रवाह कर कर, अंत में समुंदर में अपना अस्तित्व खो जाती है। ऐसे प्रवाहन करते समय कितने प्राणियों को प्यास बुझाती हैं, कितने फसलें को पानी देती है, कई प्रकार के फसलों उगाने के लिए सहकार करती हे, मानवों को और कितने सारे जानवरों को भूख मिटाने को सहकार करती है। यह सभी सिर्फ एक नदी का प्रवाहन से ही हो रहा है ना ?

लेकिन एक तालाब का पानी प्रवाह नहीं करता है, शुरुआत में वह उपयोग हो सकता है लेकिन धीरे से वह प्रवाह नहीं करने के वजह से गंद बन जाते हैं। और किसी को उपयोग नहीं रहता है। इसी प्रकार जब मानव के अंदर

देव गुणों है, वह नदी कि तरह, यह अच्छा आदमी है? यह बुरा है? को नहीं देख कर सभी को सहाय करते हैं ।

जो भी इस ध्यान मार्ग में आते हैं, यही देखना है कि हमें ज्ञानी बने हैं? या नहीं? का विचारण करना चाहिए। इसी को चिंतन करना कहते हैं। इसीलिए आप चिंता में नहीं रहना और चिंतन में रहना है, तभी आप निश्चिंत रहेंगे ।

हर व्यक्ति को सही ध्यान करना चाहिए और सत्य का ज्ञान पाना चाहिए। तभी निश्चिंत होगा ।

आपको ध्यान कर कर, ज्ञान पाकर, कर्म सिद्धांत को जानकर, मेरे प्रारब्ध में जो है वही मिला है और वही प्राप्त किया है, बल्कि जितना भी भाग दौड़ करूं, या चिंता करूं, मुझे इससे ज्यादा नहीं मिलेगा। यह विषय जब जानेंगे तभी आपके जीवन में निश्चिंत रहेगा ।

जीवन में छोटी-छोटी विषयों ही नहीं, सभी सीखना चाहिए, श्रद्धा पूर्वक सीखना चाहिए, जीवन भर सीखना चाहिए। क्योंकि? प्रपंचिक विद्या में कुछ सीमाएं रहते होंगे, लेकिन आध्यात्मिक विद्या में सीमाएं नहीं हैं ।

इसी प्रकार विज्ञान विशेष रूप से बढ़ता रहेगा। इसी लिए कहते हैं कि महा वृक्ष और विस्तार होगा, बल्कि कभी रुकती नहीं है। इसी प्रकार हमें भी अगर विशेष रुप से बढना चाहिए, तो चिंता छोड़कर चिंतन में आकर, निश्चिंत से जीना है ।

विषय चिंतन गुलामी की ओर लेकर जाता है, लेकिन आत्म चिंतन आपको स्वतंत्र जीवन की तरह लेकर जाता है। किसी को भी विषय वांचन से ही चिंताएं होते हैं ।

लेकिन जब आप आत्मा के चिंतन में रहते हैं, स्वतंत्र से जीते हैं। इसलिए चिंता छोड़ कर चिंतन में रहने से निश्चिंत रहेंगे। जो चिंतन में रहता है वह निश्चिंत रहता है। जो चिंता में रहता है वह मायूस होगा। अगर आपको आना है का सोच रहता है तब चिंता है । लेकिन जब दूसरे लोगों को बांटते हो

तब चिंतन में रहते हो। जब उसका फल अनुभव करते हो तब निश्चिंत रहेंगे ।

मुझे हर रोज एक नया पुस्तक दिखता है, उसी को मैं पढ़ता हूँ और अगला दिन आप लोगों को उसी के बारे में बताता हूँ। देखिए जब हम देते हैं, हमें आता है का प्रमाण ही मेरे सारे क्लासों हैं। ऐसे ही मैं जब एक पुस्तकालय में जाता हूँ, तो वहां एक न एक किताब मुझे दिखती है। उसको पढ़ता हूँ और मैं खुश होता कि कितना ज्ञान पाया हूँ और वही आप सभी लोगों को बताता रहता हूँ ।



ध्यान की विधि सांस पर ध्यान

जिस किसी को जो कोई आरामदायक आसान हो उसमें आराम से बैठकर... दोनों हाथों को जोड़कर... दोनों आंखों को बंद करके... प्राकृतिक रूप से होने वाला सांस लेना और छोड़ने की प्रक्रिया का अवलोकन करना चाहिए!

बीच-बीच में अनेकानेक सोच मन में आते हैं उन्हें वहीं के वहीं कटौती करके... फिर से बार-बार सांस पर ही ध्यान ले जाते रहना चाहिए... धीरे-धीरे निर्विचार की स्थिति मिलती है.... चित्त वृत्तों का निरोध होगा... मन निर्विषय, शून्य हो जाएगा। मन को शांति मिलेगा। यही ध्यान की अवस्था है।

इस निर्विचार अवस्था में होने वाले अनेकानेक शारीरिक, नाड़ी मंडल, आत्मा अनुभवों का अवलोकन करना चाहिए। इस स्थिति में ब्र्मांडीय प्राण शक्ति अत्यधिक मात्रा से शरीर में प्रवेश करके नाड़ी मंडल को शुद्ध करता है। उस ऊर्जा के कारण बीमारियां कम हो जाते हैं। नाड़ी मंडल शुद्ध होने के कारण कर्मों का नाश होते हैं।

हर दिन अपने उम्र के हिसाब से... जितना उम्र हो कम से कम उतने मिनट... जरूर... दिन में दो बार... ध्यान करना चाहिए।

To subscribe to Tatavarthy's YouTube channel:

When you click the YouTube link sent in the WhatsApp group, it will open the Tatavarthy Veera Raghava Rao channel. Once open, you will see the "Subscribe" button-click on it to subscribe. By clicking the bell icon next to it, you can receive notifications of new videos everyday.

Otherwise, visit www.tst.org.in/videos/ Click on "Tatavarthy Veera Raghava Rao" in Section I, or on the names in sections II & III. This will open the respective channels. Once open, click the "Subscribe" button, and by pressing the bell icon next to it, you can get daily video updates.

ब्रह्मविध्वरिष्ठ तटवर्ति राज्यलक्ष्मी का हिन्दी किताब

1) एक और जन्म । Rs.160/-
2) ज्ञान माला Rs.70/-
3) श्री दत्तात्रेय जी का 24 गुरुओं। Rs.70/-
4) अगर मानव को योगी बनना है तो ? Rs.60/-
5) महात्माओं के संदेशों। Rs.50/-
6) मानव के कर्तव्यों। Rs.50/-

For Books Please Contact :

TATAVARTHI VEERA RAGHAVARAO

BHIMAVARAM. Ph: 94403 09812

Tatavarthy Raghavarao Sir Books in English

1.	Guiding Meditation	Rs.100
2.	The Law of Karma	Rs.100
3.	What is Meditation?	Rs.80
4.	What comes after death	Rs.70
5.	How to improve Financial Status	Rs.60
6.	What is Intention?	Rs.50
7.	Why is this life?	Rs.50
8.	Meditation for the Development of Students	Rs.40
9.	Non violence and vegetarianism	Rs.40

Programs by the Tatavarthy's that will be broadcasted on YouTube:

a) Channel name: **Tatavarthy Veera Raghava Rao**

This channel has 2,000+ videos featuring messages from Mr and Mrs Tatavarthy.

b) PMC has also launched a YouTube channel for Brahmarshi Tatavarthy Veera Raghava Rao.

Channel name: **Brahmarshi Tatavarthy Veera Raghava Rao.**

c) For messages from trainees who have trained under Mr. and Mrs. Tatavarthy, watch the Tatavarthy Spiritual Trainees YouTube channel.

d) You can also go directly to the YouTube app, type Tatavarthy Veera Raghava Rao in the search bar, and watch all the Mr. and Mrs.Tatavarthy videos.

श्री तटवर्ती वीरा राघवराव का हिन्दी किताब

1) आत्म शास्त्र ।........................ Rs.200/-
2) ध्यान विद्या ।........................ Rs.160/-
3) भगवद् गीता का सार ।........................ Rs.160/-
4) सत्य मार्ग ।........................ Rs.160/-
5) मरने से पहले मरना है।........................ Rs.130/-
6) 'गाइडिंग' ध्यान क्यों नही ?........................ Rs.120/-
7) भगवान कौन हैं।........................ Rs.120/-
8) कर्म सिद्धांत ।........................ Rs.120/-
9) विज्ञान का अर्थ - निहितार्थ........................ Rs.120/-
10) ब्रह्म ज्ञान।........................ Rs.100/-
11) यह जीवन क्यों हैं ?........................ Rs.100/-
12) मेहर बाबा का संदेश।........................ Rs.100/-
13) मरने के बाद, साथ में आने वाले विषयों ।... Rs.80/-
14) भागवत के दृश्यों का अर्थ........................ Rs.80/-
15) आत्मा हंतक कौन होता है?........................ Rs.70/-
16) दुख निवारण का मार्ग........................ Rs.75/-
17) उत्तम पुरुष........................ Rs.60/-
18) आर्थिक स्थिति बढ़ाना है तो ?........................ Rs.60/-
19) निर्वाण मार्ग........................ Rs.60/-
20) सत्य........................ Rs.50/-
21) क्या हम इस लोक के वासी हैं या परलोक के वासी हैं? Rs.50/-
22) गुरु को पहचानना कैसे ?........................ Rs.50/-

For Books Please Contact :

TATAVARTHI VEERA RAGHAVARAO

BHIMAVARAM. Ph: 94403 09812

हमें यह देखना है कि, ध्यान के द्वारा ज्ञान बड़ा है? या नहीं ? हमारा कर्तव्य हम कर रहे हैं? या नहीं? असलियत में हमें क्या छोड़ना है? और क्या आदतें रखना है? क्या मालूम करना है? बहुत लोग समझते हैं कि ध्यान करने से कर्मों निकल जाते हैं। लेकिन सिर्फ ध्यान करने से आपके कर्मों नहीं जाते हैं ।

अगर ज्ञान को प्राप्त करना है तब, श्री शंकराचार्य जी का बोध में पहले श्रवण, मनन, निधि ध्यास, इनसे अंतःकरण शुद्धि होना चाहिए।

इतना ही नहीं, ध्यान साधना करने वालों को कुछ विषयों जानना चाहिए।

(1) क्या करना चाहिए, (2) क्या नहीं करना चाहिए, (3) क्या-क्या पकड़ना चाहिए, (4) क्या-क्या छोड़ना चाहिए ।

इतना ही नहीं, एक साधक को मुख्यतः पालन करने वाले ६ कर्तव्यों हैं ।

(1) जो याद रखने वाले विषयों है, (2) जो जानने वाले विषयों हैं, (3) जो करने वाले विषयों हैं, (4) जो छोड़ने वाले विषयों हैं, (5) जो ध्यान देने वाले विषयों हैं, (6) जो नहीं रहने वाले विषयों हैं।

- ब्र्म्मविध्वरिष्ठ तटवर्ति राज्यलक्ष्मी

Rs.60/-